केंद्रीय बजट 2025-26 : बिहार के लिये प्रमुख आवंटन

चर्चा में क्यों?

01 फरवरी, 2025 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2025-26 में बिहार के लिये कई महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की घोषणा की गई है।

मुख्य बिंदु

परियोजनाओं के बारे में :

- **मखाना किसानों के लिये प्रोत्साहन:**
  - **मखाना बोर्ड की स्थापना:** बिहार में मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्द्धन और विपणन को बढ़ावा देने के लिये एक मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी।
  - **मिथिला मखाना का GI टैग:** 2022 में मिथिला मखाना को **भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्राप्त हुआ** था, जिसमें बिहार भारत के कुल मखाना उत्पादन का 80% योगदान देता है।
  - **लाभान्वित किसान:** इस पहल से दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, सहरसा, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, सुपौल और मधेपुरा जिलों के पाँच लाख से अधिक किसानों को लाभ होने की उम्मीद है।
- **फूड प्रोसेसिंग संस्थान की स्थापना:** वित्तमंत्री ने बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान की स्थापना करने की घोषणा की है। इससे क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा मिलेगा।
- **विमानन अवसंरचना का विस्तार:**
  - **ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे:** बिहार में भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिये नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना की जाएगी।
  - **पटना हवाई अड्डे का विस्तार:** पटना हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ाने की योजना बनाई गई है।
  - **बिहटा में ब्राउनफील्ड हवाई अड्डा:** बिहटा में एक ब्राउनफील्ड हवाई अड्डे के विकास की भी योजना है।
- **शिक्षा और बुनियादी ढाँचे में निवेश:**
  - **पूंजी निवेश:** बिहार में पूंजी निवेश के लिये अतिरिक्त धनराशि आवंटित की जाएगी और बहुपक्षीय विकास बैंकों से बाह्य सहायता के लिये राज्य के अनुरोधों पर तेज़ी से कार्रवाई की जाएगी।
  - **पूर्वोदय पहल:** पूर्वी भारत के विकास के लिये 'पूर्वोदय' पहल के तहत बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना की जाएगी।
  - **IIT पटना का विस्तार:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) पटना के लिये छात्रावास सहित बुनियादी ढाँचे के विस्तार की योजना बनाई गई है।
- **मंदिर और पर्यटन विकास:**
  - **विष्णुपद और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर:** बजट में गया स्थित विष्णुपद मंदिर और बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर के समग्र विकास के लिये काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के समान समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया गया है।
  - **नालंदा का विकास:** नालंदा को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा और नालंदा विश्वविद्यालय को उसके ऐतिहासिक महत्व को पुनः स्थापित करने के प्रयास किए जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/union-budget-2025-26-major-allocations-for-bihar